राजस्थान सरकार

कार्यालय सहायक खनि अभियन्ता, खान एवं भू–विज्ञान विभाग, सवाई माधोपुर

पताः– कार्यालय नगर विकास न्यास, सवाई माधोपुर के पीछे, जटवाड़ा खुर्द, सवाई माधोपुर

**E-mail Id :-ame.swm@rajasthan.gov.in**

क्रमांक :सखअ / समा / बजरी / 2025–26 /                                   दिनांकः–

प्रेषिति :–

श्रीमान निदेशक महोदय,
निदेशालय जन संपर्क विभाग,
राजस्थान, जयपुर।

विषय :– जब्तशुदा खनिज बजरी के अवैध स्टॉकों की नीलामी की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशनार्थ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि इस कार्यालय द्वारा जब्तशुदा खनिज बजरी के अवैध स्टॉकों की नीलामी के लिये प्रेस विज्ञप्ति क्रमांक राजकाज रेफरेन्स संख्या 19100020 दिनांक 28.11.2025 को नियमानुसार एक राज्य स्तर के समाचार पत्र(दैनिक भास्कर/ राजस्थान पत्रिका, जिसमें जिला सवाई माधोपुर के समाचार–पत्र का अंक भी शामिल हो) के साथ–साथ इस जिला स्तर के किसी समाचार पत्र में न्यूनतम स्पेस में किसी भी एक अंक में डी.आई.पी.आर. दरों पर प्रकाशित कराने का श्रम करावें। इस हेतु नीलामी सूचना की प्रति संलग्न कर भिजवाई जा रही है।

भवदीय

(धर्मसिंह मीना)
सहायक खनि अभियन्ता
सवाई माधोपुर

क्रमांक :– सखअ / समा / बजरी नीलामी / 2025–26 /                          दिनांक :–

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. श्रीमान निदेशक महोदय, निदेशालय खान एवं भू–विज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि इस विज्ञप्ति को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने का श्रम करावें।
2. श्रीमान जिला कलेक्टर, जिला सवाई माधोपुर।
3. समस्त अधीक्षण खनि अभियन्ता, खान एवं भू–विज्ञान विभाग को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाने हेतु।
4. श्रीमान कोषाधिकारी, जिला सवाई माधोपुर।
5. श्रीमान उपखण्ड अधिकारी, जिला सवाई माधोपुर।
6. कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

Signature Not Verified

Digitally signed by Dharm Singh Meena
Designation : Assistant Mining Engineer
Date: 2025.11.28 16:30:38 IST
Reason: Approved

सहायक खनि अभियन्ता
सवाई माधोपुर

राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक खनि अभियन्ता, खान एवं भू–विज्ञान विभाग, सवाई माधोपुर
पताः– कार्यालय नगर विकास न्यास के पीछे, जटवाड़ा खुर्द, बजरिया, सवाई माधोपुर
**E-mail Id :-ame.swm@rajasthan.gov.in**

क्रमांक :सखअ/समा/बजरी नीलामी/2025/ दिनांकः–

## –: नीलामी सूचना प्रकाशन :–

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के अधिकार क्षेत्र जिला सवाई माधोपुर में निम्नानुसार तहसीलवार अवैध खनन/निर्गमन/भण्डारण चैकिंग के दौरान जब्त खनिज बजरी (जैसी है, उसी स्थिति में) के स्टॉकों की दिनांक 23.12.2025 को दोपहर 03.00 बजे तक कार्यालय सहायक खनि अभियन्ता, खान एवं भू–विज्ञान विभाग, कार्यालय नगर विकास न्यास के पीछे, जटवाड़ा खुर्द, बजरिया, सवाई माधोपुर परिसर में नीलामी हेतु सीलबंद लिफाफे में बोली आमंत्रित की जाती है। इच्छुक बोलीदाता नीलामी से पूर्व तहसीलवार बयाना/अमानत एवं प्रतिभूति राशि जमा कराकर बोली में भाग ले सकते है। (न्यूनतम आरक्षित दर रू. 600/– प्रतिटन)

| तहसील | मलारना डूंगर | सवाई माधोपुर | बौंली | चौथ का बरवाड़ा |
|---|---|---|---|---|
| बजरी की अनुमानित मात्रा (टन में) | 35,902 | 1,930 | 2650 | 5332 |
| बयाना/अमानत राशि(रू. में) | 50,000 | 23,160 | 31,800 | 50,000 |
| प्रतिभूति राशि(रू. में) | 10,77,060 | 57,900 | 79,500 | 1,59,960 |

उक्त नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी प्रपत्र राशि रूपये 1,000/–(नॉन रिफण्डेबल) का डी.डी. /बैंकर्स चैक ''सहायक खनि अभियन्ता, सवाई माधोपुर'' के नाम से जमा कराकर किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 22.12.2025 को सायं 5:00 बजे तक कार्यालय सहायक खनि अभियन्ता, सवाई माधोपुर से प्राप्त किये जा सकते है।

उक्त जब्तशुदा खनिज बजरी की नीलामी हेतु सीलबंद लिफाफे में दरें बिड फॉर्म के साथ दिनांक 23.12.2025 दोपहर 03:00 बजे तक जमा की जाएगी। प्राप्त सीलबंद लिफाफे कमेटी द्वारा दिनांक 23.12.2025 को दोपहर 05:00 बजे उपस्थित नीलामी बोलीदाताओं के समक्ष खोली जाएगी। उक्त नीलामी से संबन्धित शर्तो एवं विस्तृत जानकारी का अवलोकन विभागीय वेवसाईट *mines.rajasthan.gov.in* पर जाकर किया जा सकता है एवं खनिज बजरी के स्टॉक के संबंध में जानकारी कार्य दिवस में कार्यालय समय में नोटिस बोर्ड से कभी भी प्राप्त की जा सकती है। नीलामी की कार्यवाही संबंधित दिनांक को पूर्ण न होने पर आगामी कार्यदिवस में भी जारी रहेगी।

(धर्मसिंह मीना)
सहायक खनि अभियन्ता
सवाई माधोपुर

Signature Not Verified
Digitally signed by Dharm Singh Meena
Designation : Assistant Mining Engineer
Date: 2025.11.28 16:07:16 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19100020
eSign 1.0